## एक नजर में

### सांसद निधि से ग्राम पंचायत भोपावर को पानी का टैंकर मिला




**सरदारपुर** – ग्राम पंचायत भोपावर के सरपंच प्रतिनिधि मदन मखोड़ की मांग पर धार सांसद सावित्री ठाकुर ने पेयजल आपूर्ति की दृष्टि से पानी का टेंकर दिया है ।ग्राम भोपावर को पानी का टेंकर मिलने से ग्रीष्म ऋतु मे जलसंकट से निपटने मे राहत मिलेगी। ग्राम भोपावर को पानी का टेंकर प्रदान करवाने मे वरिष्ठ

### मतदाता सूची पुनरीक्षण एसआईआर मैं अधिकारी कर्मचारी दिन-रात लगे हुए हैं



**टांडा ( धार )।** धार जिले की गंधवानी विधानसभा क्षेत्र के बाग ब्लॉक के टांडा में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण ( स्ढ्क्र) में अधिकारी कर्मचारी दिन-रात लगे हुए हैं! समय नजदीक होने से कार्य में तेज गति कर दी गई है इस कार्य में तहसीलदार श्री मुकेश मालवीया पटवारी विशाल प्रसाद सुपरवाइजर रुमाल सिंह जमरा सहयोगी शिक्षक किशोर गारद नितेश मुकाती आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ज्योति सिसोदिया श्रीमती विद्या शर्मा भगवती भालेराव अंजू मावडे सहित अनेक कर्मचारी के द्वारा बीएलओ श्री उमेश ठाकुर/ उत्तम गारद/ अनिल बघेल/ का विशेष सहयोग किया जा रहा है! साथी बीएलओ के द्वारा प्रत्येक परिवारों में घर-घर फार्म भरकर वापस लेकर रात्रि में विधि पूर्वक भरे जा रहे हैं वही आमजन को किसी भी प्रकार की समस्यायों का निराकरण के लिए शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक केम्प लगाकर कार्य कर रहे हैं! वहीं ग्रामीण क्षेत्र के बीएलओ को कई प्रकार की समस्याएं आ रही है उसके बावजूद भी पूरी ईमानदारी से कार्य में लगे हुए हैं

### लायंस क्लब द्वारा ओस्टियोआर्थराइटिस पर कार्यशाला

**इंदौर.** ओस्टियोआर्थराइटिस जैसी बीमारी होने पर उसका बचाव कैसे करें और क्या सावधानी रखें इसकी एक कार्यशाला लायंस क्लब द्वारा अपोलो हॉस्पिटल विजय नगर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई. इसमें सुप्रसिद्ध जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन तथा अपोलो हॉस्पिटल इंदौर के सीनियर ऑर्थोपेडिक कंसलटेंट डॉ सुनील राजन ने अपने उद्बोधन में सभी लायंस सदस्यों को प्रेजेंटेशन के द्वारा ओस्टियोआर्थराइटिस जैसी बीमारी के समाधान पर प्रकाश डाला और किस तरीके से आज हम जोड़ प्रत्यारोपण के क्षेत्र में नवीनतम रोबोटिक सर्जरी द्वारा लाभ पहुंचा रहे है, इसके बारे में बताया. सेमिनार में गेट वाइस एरिया लीडर लायन डॉक्टर कुलभूषण मित्तल, पीडीजी लायन एसपी नामदेव, कैबिनेट सेक्रेटरी लायन सिद्धार्थ बंसल, मेंटल वैलनेस चेयरपर्सन मुरली अरोड़ा, इमेज बिल्डिंग चेयर पर्सन दिनेश रणधर और वरिष्ठ लायन सदस्यों की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन किया गया. डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल द्वारा लायन पिन से डॉक्टर सुनील राजन को सम्मानित किया गया. सेमिनार में सदस्यों द्वारा कई सवालों का समाधान डॉ सुनील राजन द्वारा किया गया. दिनेश रणधर ने अपोलो हॉस्पिटल के मैनेजमेंट तथा डॉ सुनील राजन का आभार माना.

### गोकुलदास हॉस्पिटल में अब लीडलेस पेसमेकर

**इंदौर.** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, गोकुलदास हॉस्पिटल के अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष के जैन और उनकी टीम ने सफलतापूर्वक बिना चीरा लगाए लीडलेस पेसमेकर इम्प्लांटेशन की प्रक्रिया को अंजाम दिया है. यह अत्याधुनिक तकनीक पारंपरिक पेसमेकर प्रक्रिया की तुलना में मरीजों को अधिक सुरक्षित, आरामदायक और तेजी से रिकवरी प्रदान करती है. इस सफल इम्प्लांटेशन के बारे में डॉ. आशीष के जैन ने कहा परंपरागत पेसमेकर इम्प्लांटेशन में छाती की त्वचा पर चीरा लगाकर एक पॉकेट बनाई जाती है, जिसमें डिवाइस को रखा जाता है और हृदय तक तार (लीड) पहुंचाए जाते हैं. इस प्रक्रिया में संक्रमण, लीड संबंधी जटिलताएं और लंबे अस्पताल प्रवास का जोखिम बना रहता है. लीडलेस पेसमेकर तकनीक हृदय रोगियों के लिए एक बड़ी राहत है. यह न केवल सुरक्षित है, बल्कि मरीजों की रिकवरी भी बेहद तेज होती है. विशेष रूप से इसकी लगभग 25 वर्ष की बैटरी लाइफ मरीजों को दीर्घकालिक लाभ प्रदान करती है, जो पारंपरिक पेसमेकर के मुकाबले कहीं अधिक है. इसी उपलब्धि पर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. कुश भगत ने कहा लीडलेस पेसमेकर उन मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है, जिन्हें संक्रमण का जोखिम अधिक होता है या जिनकी त्वचा पर चीरा लगाना जटिल हो सकता है.

### मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी57 पॉवर

**इंदौर .** मोटोरोला, ने आज 12,999 रुपये में अपना सर्वश्रेष्ठ बजट फोनट्ट मोटो जी57 पॉवर लॉन्च करने की घोषणा की . यह डिवाइस शक्तिशाली दुनिया के पहले स्नैपड्रैगन 6एस जेन 4 प्रोसेसर के साथ बजट श्रेणी को फिर से परिभाषित करता है, जो श्रेणी में सर्वोत्तम परफॉर्मेंस और मल्टी-टास्किंग के लिए है, इसमें बेहतरीन फोटोग्राफी अनुभव के लिए सेगमेंट का सर्वश्रेष्ठ 50एमपीसोनी लीटिया 600 कैमरा, स्लिमर डिजाइन के लिए सेगमेंट की सबसे अधिक 7000एमएएच सिलिकॉन कार्बन बैटरी दी गई है . टी.एम. नरसिम्हन, मैनेजिंग डायरेक्टर, मोटोरोला इंडिया ने कहा, मोटो जी57 पॉवर लॉन्च करके हम सस्ते स्मार्टफोन की दुनिया में नया स्तर तय कर रहे हैं . यह फोन दुनिया का पहला स्नैपड्रैगन 6एस जेन 4 प्रोसेसर, मोटो एआई से चलने वाला श्रेणी का सबसे अच्छा 50एमपी सोनी लिटिया 600 कैमरा, और 60 घंटे तक चलने वाली बड़ी 7000एमएएच सिलिकॉन-कार्बन बैटरी सबको एक साथ लाता है . यह नया एंड्रॉयड- 16 भी बॉक्स से बाहर ही मिलेगा . मोटोरोला का लक्ष्य नई-नई तकनीक को सबके लिए आसान बनाना है, और मोटो जी57 पॉवर इसी वादे का सबूत है . यह कोई साधारण फोन नहीं, बल्कि ताकत, मजबूती और असली नई सुविधाओं का ऐलान है- वो भी सिर्फ 12,999 रुपये की कम कीमत पर .

नवभारत

**बदनावर में 'नवभारत' अखबार की प्रति, समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें-**
**स्वदेश सिंह पंवार**
**मो.बा. 96306-42180**








# लाबरिया में लोकायुक्त की छापामार कार्रवाई

## आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था के प्रबंधक गोवर्धनलाल मारु के घर, फॉर्म हाउस व कार्यालय पर लोकायुक्त की कार्रवाई

**धार ।** लाबरिया में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था के प्रबंधक गोवर्धनलाल मारु (पटेल) के यहां लोकायुक्त ने बड़ी कार्रवाई शुरू की हैं। प्रबंधक के घर, फार्म हाउस तथा लाबरिया में स्थित संस्था कार्यालय पर लोकायुक्त के विभिन्न टीमों की कार्यवाही की है।

जानकारी के मुताबिक करीब 18 चार पहिया वाहनो से लोकायुक्त की टीमें बुधवार सुबह करीब 5.30 बजे ग्राम लाबरिया पहुंची। यहां लोकायुक्त की अलग-अलग टीमो द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था के प्रबंधक गोवर्धनलाल मारू (पटेल) के घर, फॉर्म हाउस व संस्था के लाबरिया स्थित कार्यालय पर छापेमार कार्यवाही शुरू की गई हैं। लोकायुक्त की टीमों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात हैं। बताया जा रहा है कि लोकायुक्त की अलग-अलग टीमें दस्तावेज खंगाल रही हैं। हालांकि फिलहाल लोकायुक्त की ओर से इस कार्यवाही को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नही हुई हैं। लाबरिया में अचानक हुई लोकायुक्त की इतनी ब?ी कार्यवाही से घोटालेबाजो में ह?कंप मचा गया हैं।




## आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में पुतला दहन, एफआईआर हेतु आवेदन दिया



**धार।** आईएएस अधिकारी एवं (अजाक्स) के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा के द्वारा ब्राह्मण समाज के बेटियों के बारे में दिए गए बयान की धार जिला सर्व ब्राह्मण समाज ने कड़े शब्दों में निंदा की है वहीं बुधवार को परशुराम चौराहा मोहन टॉकीज पर संतोष वर्मा का पुतला जलाकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया तथा धार कोतवाली पहुंचकर समाज जनों ने थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान को आवेदन देकर उक्त आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की। आवेदन में कहा गया कि आईएएस अधिकारी वर्मा ने भोपाल के अंबेडकर मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 卐जब तक कोई ब्राह्मण अपनी बेटी मेरे बेटे को दान नहीं करता या उससे संबंध नहीं बनाता, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए।卐 यह उनकी तुच्छ सोच है इसे अशोभनीय, जातिवादी और ब्राह्मण बेटियों के लिए आपत्तिजनक व अपमानजनक है।अगर जल्द ही आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया गया, तो ब्राह्मण समाज जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेगा। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के विश्वास पांडे, धर्मेन्द्र जोशी, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, प्रवीण शर्मा, अनिल तिवारी,श्रीकांत द्विवेदी, राजेश शर्मा,गोटू शुक्ला, अभिषेक वैध, राजीव जोशी, अभिषेक चतुर्वेदी,ममता जोशी,मीना दुबे,रीता दीदी,नीता शर्मा, प्रतिभा शर्मा, सीमा पांड्या,चुन्नू बाजपेई, प्रवीण उज्जैनकर,अवध द्विवेदी,नीलेश जोशी, प्रशांत रावल, संतोष शर्मा,देवेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, दिलीप शर्मा, चेतन शर्मा,रुद्र शर्मा, राजा शर्मा लोकेश राजपुरोहित, करणी सेना जिलाध्यक्ष कृष्ण पटेल सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

## आईएएस अधिकारी वर्मा की अपशब्द भाषा से ब्राह्मण समाज में आक्रोश

**आज ब्राह्मण समाज विरोध कर मुख्यमंत्री, राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर वर्मा का पुतला दहन करेंगे आज**

**सरदारपुर।** अजाक्स कर्मचारी संगठन के प्रांत अध्यक्ष आईएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज के बहन बेटियों के ऊपर कहे गए तुच्छ अपशब्द भाषा के विरोध में गुरुवार को सुबह 11 बजे अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज तहसील सरदारपुर के अध्यक्ष रवि त्रिवेदी भोपावर के सानिध्य मौजूदगी में ब्राम्हण समाजजनों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी सरदारपुर को मुख्यमंत्री, राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। ज्ञापन देने पश्चात आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा का पुतला दहन किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष त्रिवेदी ने बताया कि ब्राम्हण समाज के बहन बेटियों पर एक आईएएस अधिकारी होकर तुच्छ घटिया शब्दों का इस्तेमाल करना उनके लिए शोभा नहीं देता है, बडी शर्म की बात है । ब्राम्हण समाज इसकी निंदा करते हैं। तहसील अध्यक्ष त्रिवेदी ने तहसील सरदारपुर ब्राम्हण समाजजनो से वर्मा के विरोध स्वरूप अनिवार्य रूप से शामिल होकर इसका विरोध दर्ज कराए।



## गंगाकुई धाम बाग में ध्वजारोहण, तुलसी मानस मंडल की सुंदरकांड प्रस्तुति

**बाग** – अयोध्या में 25 नवंबर 2025 को श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा धर्म ध्वज एवं कलश स्थापना का भव्य समारोह आयोजित हुआ। यह समारोह रामराज्य की पुनर्स्थापना एवं देश की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बना इस शुभ अवसर पर श्री गंगाकुई धाम के त्रंबकेश्वर महादेव मंदिर एवं सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में भी परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री 1008 सूरजपुरी जी महाराज के द्वारा अभिजीत मुहूर्त में ध्वजारोहण किया गया। साथ



ही सीताराम विवाह पंचमी , सिख धर्म के 9वे गुरु तेगबहादुर साहिब जी का 350 वा शहीदी दिवस की वर्षगांठ तथा नाग दिवाली के उपलक्ष पर श्री गंगाकुई धाम बाग में सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें तुलसी मानस मंडल, बाग द्वारा सुंदरकाण्ड की प्रस्तुति देते हुए अपने भजनों से सभी सुनने वालों का मन मोह लिया। तथा पधारे हुए सभी अतिथि एवं भक्तों को श्री गुरु समिति द्वारा भोजन प्रसादी पवा कर आभार प्रकट करते हुए। कार्यक्रम का समापन किया।*अयोध्या में धर्म ध्वजारोहण के शुभ अवसर पर गंगाकुई धाम में भी किया गया.

## अवध समाज साहित्यिक संगठन की काव्य गोष्ठी

**इंदौर.** अवध समाज साहित्यिक संगठन द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ साहित्यकार, कवि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर युवा समाजसेवी राहुल निहोरे एवं कवि अशोक त्रिवेदी को सम्मानित किया गया.काव्य गोष्ठी का संचालन पंडित भानु ओझा द्वारा किया गया. उन्होंने अपने प्रभावी संचालन से कार्यक्रम को सरस और सुमधुर बनाया. कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया. उपस्थित अतिथियों ने साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में जागरूकता और सांस्कृतिक संरक्षण को सराहनीय बताया. कार्यक्रम में विवेक सेठ, मदन परमालिया, सलीम शेख, जगदीश सतौइया, मदन नगवंशी, आनंद मरमत, रुपेश लोदवाल, रमेश गोमे, प्रकाश कुंवाल, कपिल जारवाल, राजकुमार लोदवाल, मीना श्रीवास्तव, हरी मरमट, हिरालाल वर्मा, ललित शर्मा, गणेश वर्मा, पूनम यादव, अकबर शेख, विजय बोरासी, अनिल निहोरे, सुनील धावने, सायर साकिर नक्सबंदी, शायर ब्रज मोहन शर्मा, देवेंद्र साहू, हरीश गोहर देवासी तथा कवि बालक नाथ सहित अनेक साहित्य-प्रेमियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई.

**एक नजर में** | अयोध्या के साथ ही इंदौर में भी सांसद के नेतृत्व में हुआ भव्य आयोजन

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज आरोहण में की सहभागिता

**इंदौर. अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीराम मंदिर प्रांगण में धर्म ध्वजा के पुन:स्थापन का देशभर में व्यापक उत्साह देखने को मिला. इसी क्रम में इंदौर में भी इस ऐतिहासिक क्षण को विशेष रूप से मनाया गया, जहां सांसद शंकर लालवानी के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ.**

विद्याधाम मंदिर में हुए इस आयोजन में अयोध्या से हो रहे लाइव टेलीकास्ट को स्क्रीन के माध्यम से देखा गया. जैसे ही प्रधानमंत्री द्वारा धर्म ध्वजा स्थापित की गई, पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा. इंदौर में हुए इस कार्यक्रम की सबसे विशेष बात 200 से अधिक बटुकों द्वारा किया गया वैदिक ध्वजारोहण रहा। सांसद शंकर लालवानी व माँ राजजेश्वरी श्री विद्या ललिता देवी मंदिर के श्री चिन्मयानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज आरोहण में सहभागिता की. इस दौरान पूरा वातावरण शंखनाद, ढोल नगाड़ों और जय श्रीराम के उद्घोष से भावपूर्ण हो गया.



### सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक : लालवानी

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी सांस्कृतिक जड़ों को नए आत्मविश्वास के साथ पुन: स्थापित कर रहा है . अयोध्या में धर्म ध्वजा का पुन :स्थापन सिर्फ धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि भारत की सनातन सभ्यता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है . इंदौर में भी हमने इस आयोजन के माध्यम से वही श्रद्धा और ऊर्जा अनुभव की है .



### गुमाश्ता नगर स्थित तिरूपति बालाजी मंदिर में भी फहराई गई धर्म ध्वजा

इंदौर. गुमाश्ता नगर स्थित तिरूपति बालाजी वेंकटेश देवस्थान में आज अयोध्या के राम मंदिर में संपन्न हुई धर्म ध्वजा लहराने के ठीक उसी समय देवस्थान पर भी ध्वजारोहण किया गया. वेद मंत्रो के मध्य राम लला की जय जयकार के मध्य ध्वजारोहण किया गया. देवस्थान के ट्रस्टी पुरूषोत्तम पसारी व राम मूंदड़ा ने बताया कि 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में स्वामी घनश्यामाचार्य की प्रेरणा से भक्तों की उपस्थिति में पुजारी जी ने ध्वजारोहण का काम धार्मिक विधि विधान से पूर्ण किया. पुजारी ने मंत्रोच्चार के मध्य राष्ट्र देव भव का स्मरण भी किया. जय जय सियाराम के जयकारों के साथ आयोजन संपन्न हुआ. इस उत्सव के अवसर पर भगवान बालाजी का नयनाभिराम श्रृंगार भी किया गया था. महाआरती भी संपन्न हुई तथा प्रसाद वितरण भी किया गया. इस अवसर पर रजत परमार, मधु सोढ़ानी, उमेश नीमा व मनमोहन भराणी सहित श्रद्धालु भी उपस्थित रहे.